## :: विज्ञापन का प्रारूप ::

संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन नया रायपुर के अधीन सहायक प्रोग्रामर के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in पर आमंत्रित किये जाते है ।

उपरोक्त परीक्षा आयोजन हेतु संभावित कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

**परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है -**

1. परीक्षा की तिथि (संभावित तिथि) - 07 अक्टूबर 2018 (रविवार)
2. परीक्षा का समय - पूर्वान्ह 10:00 बजे से 1:15 बजे तक
3. ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि - 20.08.2018 (सोमवार)
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र भर कर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि - 11.09.2018 (मंगलवार), रात्रि 11:59 बजे तक
5. व्यापम की वेबसाईट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि - 01.10.2018 (सोमवार)
6. परीक्षा केन्द्र - रायपुर

**रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | पदनाम | वेतन + ग्रेड पे | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अनु.जाति | अ.पि.वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रोग्रामर | 9300-34800 ग्रेड वेतन 4300 लेवल 38100 9(1) | 10 | 4 | 3 | 1 | 2 |

**श्रेणी एवं वर्गवार आरक्षण :-**

| क्र. | कार्यालय का नाम | (अ) कुल पद श्रेणीवार | | | | कॉलम (अ) में से महिलाओं के लिये | कॉलम (अ) में से नि:शक्त श्रेणी के लिये | कॉलम (अ) में से भूतपूर्व सैनिकों के लिये | कॉलम (अ) का योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | | | | |
| 1 | संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन नया रायपुर | 4 | 1 | 3 | 2 | UR-1 SC-0 ST-0 OBC-0 | UR-0 SC-0 ST-0 OBC-0 | UR-0 SC-0 ST-0 OBC-0 | 10 |
| | योग :- | 04 | 01 | 03 | 02 | 01 | 0 | 0 | 10 |

20/08/2018

टीप :- UR - अनारक्षित, SC - अनुसूचित जाति, ST - अनुसूचित जनजाति, OBC - अन्य पिछड़ा वर्ग

**पदवार शैक्षणिक अर्हताएं :-**

| क. | पदनाम | वेतनमान | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्रोग्रामर | 9300-34800 ग्रेड वेतन 4300 लेवल 38100 9(1) | (क) बी.ई. कम्प्यूटर साईंस अथवा सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.)/ बी.टेक प्रथम श्रेणी के साथ या कुल मिलाकर कम से कम 60 प्रतिशत् अंक या समतुल्य श्रेणी,<br>**अथवा**<br>(ख) एम.सी.ए./एम.सी.एम./एम.एम.सी कम्प्यूटर साईंस/सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी) में स्नातकोत्तर डिग्री प्रथम श्रेणी के साथ या कुल मिलाकर कम से कम 60 प्रतिशत् अंक या समतुल्य श्रेणी,<br>**अथवा**<br>(ग) बी.सी.ए./बी.एस.सी. कम्प्यूटर साईंस/सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) में स्नातक डिग्री प्रथम श्रेणी के साथ या कुल मिलाकर कम से कम 65 प्रतिशत् अंक या समतुल्य श्रेणी । |

**यह नियुक्तियां माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के दायर रिट पिटि क. (सी) 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा पारित किये जाने वाले अंतिम आदेश/ निर्णय के अध्यधीन रहेगी ।**

नियम एवं शर्ते :-

(1) छत्तीसगढ़ कोषालयीन सूचना प्रौद्योगिकी, (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम 2008 एवं भर्ती नियम संशोधित 2013 ।

(2) दिनांक 01.01.2018 की स्थिति में आवेदित पद के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए । छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार अ.ज.जा., अ.जा., अ.पि.व., महिला, विधवा, परित्यक्ता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट नियमानुसार प्राप्त होगी ।

(3) आवेदक को छ.ग. का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है ।

(4) चयनित उम्मीदवारों को दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में रखा जावेगा ।

(5) आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है ।

20/08/2018

(6) महिलाओं को नियमानुसार हॉरिजान्टल आरक्षण दिया जावेगा । किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त रह जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगें । वरन उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीद्वार द्वारा भरे जा सकेंगे जिस प्रवर्ग के लिए आरक्षित है ।

(7) भूतपूर्व सैनिकों एवं विकलांगो को नियमानुसार आरक्षण प्रदान होगा ।

(8) छतीसगढ़ शासन के स्थायी अस्थायी वर्कचार्ज या कंटिजेंसी पर कार्यरत् कर्मचारियों, छंटनी की गयी शासकीय सेवक, भूतपूर्व सैनिक, विकलांग उम्मीदवार, अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत दम्पतियों, शहीद राजीव पांडे सम्मान, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान से सम्मानित खिलाड़ियों को, राष्ट्रीय युवा पुरष्कार धारक अभ्यर्थी को, निगम/मंडल के कर्मचारी, स्वंयसेवी नगर सैनिक तथा नगर सेना के नॉन कमीशन्ड अधिकारी के मामले में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार आयु सीमा में छूट होगी ।

(9) उपरोक्त पदों पर चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीद्वारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

(10) आवेदन करने की तिथि को आवेदक के रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र जीवित (वैध) होना चाहिए ।

(11) आवेदन भरने के संबंध में आवश्यक सावधानी बरते । बाद में अभ्यर्थी के द्वारा जन्मतिथि, श्रेणी वर्ग इत्यादि में परिवर्तन संबंधी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

(12) आवेदक को पद के लिये निर्धारित की गई शैक्षणिक योग्यता एवं शर्तो की पूर्ति करना आवश्यक है । आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर परीक्षा/चयन के किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीद्वारी समाप्त कर दी जावेगी ।

(13) संबंधित पद के लिये वांछित शैक्षणिक अर्हता संबंधी मूल प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ के निवासी होने का प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रमाण पत्र चयन के समय विभाग के समक्ष प्रस्तुत करना आनिवार्य होगा ।

(14) व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर का दायित्व मात्र प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा । मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जायेगी ।

(15) किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता अधिकारी का होगा ।

20/08/2018

संचालक

कोष, लेखा एवं पेंशन